**NEWS CLIPPING:25.04.2023**

# HADOTI ADHIKAR

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय को मिला केन्द्रीय अनुदान

## केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह से कुलपति प्रो. तोमर ने प्राप्त किया प्रतिष्ठित शोध अनुदान

**हाड़ौती अधिकार**

फरीदाबाद, 24 अप्रैल। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की प्रतिष्ठित 'विश्वविद्यालय अनुसंधान एवं वैज्ञानिक उत्कृष्टता संवर्धन' (पर्स) योजना के अंतर्गत शोध अनुदान प्रदान किया। योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय को अनुसंधान की ढांचागत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए 7 करोड़ रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ है।

डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित विश्वविद्यालय अनुसंधान उत्सव-2023 के दौरान विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने अनुदान प्राप्त



*केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह से अनुदान प्राप्त करते हुए जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर।*

किया। पर्स योजना के अंतर्गत देश के चुनिंदा विश्वविद्यालयों को वैज्ञानिक विकास के लिए अपने अनुसंधान ढांचे में सुधार के लिए अनुदान दिया जाता है। विश्वविद्यालय को दी जाने वाली यह एक प्रोत्साहन अनुदान योजना है जोकि विश्वविद्यालयों की शोध व्यवस्था में सुधार को लेकर केंन्द्रित है। जे.सी. विश्वविद्यालय का चयन देश के उन 12 चुनिंदा विश्वविद्यालय में हुआ है, जिन्होंने वर्ष 2022 में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विशेष आह्वान पर पर्स अनुदान के लिए आवेदन किया था।

विश्वविद्यालय का चयन केन्द्र की प्रतिष्ठित अनुदान योजना के अंतर्गत होने पर प्रसन्नता जताते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कहा कि इस प्रकार के प्रतिष्ठित एवं प्रतिस्पर्धी अनुदान के लिए जे.सी. बोस विश्वविद्यालय का चयन के लिए गर्व का विषय है जोकि विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षण और अनुसंधान में किये जा रहे गुणवत्तापूर्ण कार्यों को दर्शाता है। प्रो. तोमर ने पर्स अनुदान के लिए प्रयासरत टीम के समन्वयक डॉ. रवि कुमार और सह-समन्वयक डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. सूरज गोयल, डॉ. सोमवीर, डॉ. दीपांश शर्मा और अन्य सदस्यों डॉ. श्रुति मित्तल, और डॉ. पारुल गुप्ता को उनकी कड़ी मेहनत और सफलता के लिए बधाई दी है।

**NEWS CLIPPING:25.04.2023**

# AAJ SAMAJ

## शोध सुविधाओं को उन्नत बनाने के लिए जेसी बोस विवि को मिला केंद्रीय अनुदान

आज समाज नेटवर्क

फरीदाबाद। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोमवार को जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की प्रतिष्ठित ग्रविश्वविद्यालय अनुसंधान एवं वैज्ञानिक उत्कृष्टता संवर्धन (पर्स) योजना के अंतर्गत शोध अनुदान प्रदान किया। योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय को अनुसंधान की ढांचागत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए 7 करोड़ रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ है। डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित विश्वविद्यालय अनुसंधान उत्सव-2023 के दौरान विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने अनुदान प्राप्त किया। पर्स योजना के अंतर्गत देश के चुनिंदा विश्वविद्यालयों को वैज्ञानिक विकास के लिए अपने अनुसंधान ढांचे में सुधार के लिए अनुदान दिया जाता है। विश्वविद्यालय को दी जाने वाली यह एक प्रोत्साहन अनुदान योजना है जोकि विश्वविद्यालयों की शोध व्यवस्था में सुधार को लेकर केन्द्रित है। जेसी विश्वविद्यालय का चयन देश के उन 12 चुनिंदा विश्वविद्यालय में हुआ है, जिन्होंने वर्ष 2022 में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विशेष आह्वान पर पर्स अनुदान के लिए आवेदन किया था।



टीम के साथ कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर।

विश्वविद्यालय का चयन केन्द्र की प्रतिष्ठित अनुदान योजना के अंतर्गत होने पर प्रसन्नता जताते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कहा कि इस प्रकार के प्रतिष्ठित एवं प्रतिस्पर्धी अनुदान के लिए जेसी बोस विश्वविद्यालय का चयन के लिए गर्व का विषय है जोकि विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षण और अनुसंधान में किए जा रहे गुणवत्तापूर्ण कार्यों को दर्शाता है। प्रो. तोमर ने पर्स अनुदान के लिए प्रयासरत टीम के समन्वयक डॉ. रवि कुमार और सह-समन्वयक डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. सूरज गोयल, डॉ. सोमवीर, डॉ. दीपेश शर्मा और अन्य सदस्यों डॉ. श्रुति मित्तल, और डॉ. पारुल गुप्ता को उनकी कड़ी मेहनत और सफलता के लिए बधाई दी है।

**NEWS CLIPPING:25.04.2023**

# HINDUSTAN

# सात करोड़ रुपये का अनुदान मिला

फरीदाबाद। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी औरपृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोमवार को जे सी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, को 'विश्वविद्यालय अनुसंधान एवं वैज्ञानिक उत्कृष्टता संवर्धन' (पर्स) योजना के अंतर्गत शोध अनुदान प्रदान किया।

योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय को अनुसंधान की ढांचागत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सात करोड़ रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ है।डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित विश्वविद्यालय अनुसंधान उत्सव-2023 के दौरान विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने अनुदान प्राप्त किया। पर्स योजना के अंतर्गत देश के चुनिंदा विश्वविद्यालयों को वैज्ञानिक विकास के लिए अपने अनुसंधान ढांचे में सुधार के लिए अनुदान दिया जाता है। विश्वविद्यालय को दी जाने वाली यह एक प्रोत्साहन अनुदान योजना है जोकि विश्वविद्यालयों की शोध व्यवस्था में सुधार को लेकर केंन्द्रित है।



जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. सुशील कुमार को नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सम्मानित किया। • हिन्दुस्तान

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:25.04.2023**

# AMAR UJALA

## विवि को मिला 7 करोड़ का अनुदान

फरीदाबाद। केंद्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी की ओर से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की 'विश्वविद्यालय अनुसंधान एवं वैज्ञानिक उत्कृष्टता संवर्धन' (पर्स) योजना के तहत शोध अनुदान प्रदान किया। इसके तहत विश्वविद्यालय को अनुसंधान की ढांचा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 7-करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से आयोजित विश्वविद्यालय अनुसंधान उत्सव-2023 के दौरान विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति ने अनुदान प्राप्त किया था। संवाद

**NEWS CLIPPING:25.04.2023**

# DAINIK BHASKAR

## शोध सुविधाओं को उन्नत बनाने के लिए जेसी बोस विवि को मिला केंद्रीय अनुदान

**फरीदाबाद** | केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को विवि अनुसंधान एवं वैज्ञानिक उत्कृष्टता संवर्धन (पर्स) योजना के तहत शोध अनुदान प्रदान किया। 7 करोड़ का यह अनुदार शोध सुविधाओं को उन्नत बनाने के लिए दिया गया है। दिल्ली में आयोजित विवि अनुसंधान उत्सव-2023 के दौरान विवि की ओर से कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने उक्त अनुदान प्राप्त किया। पर्स योजना के तहत देश के चुनिंदा विश्वविद्यालयों को वैज्ञानिक विकास के लिए अपने अनुसंधान ढांचे में सुधार के लिए अनुदान दिया जाता है। जे.सी. विश्वविद्यालय का चयन देश के 12 चुनिंदा विश्वविद्यालय में हुआ है।

**NEWS CLIPPING:25.04.2023**

# HADOTI ADHIKAR

# फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आज से

**हाड़ौती अधिकार**

फरीदाबाद, 24 अप्रैल। संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग, जे. सी. बोस विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, रिसर्च एंड डेवलपमेंटसेल हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में 'स्किल रि-इंजीनियरिंग इन रिसर्च एंड स्टडीज़' विषय पर 25 से 29 अप्रैल तक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन कर रहा है। यह जानकारी संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने दी।

**NEWS CLIPPING:25.04.2023**

# DAINIK JAGRAN

# फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम आज

**फरीदाबाद।** संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग, जेसी बोस विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद रिसर्च एंड डेवलपमेंटसेल हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में स्किल रि-इंजीनियरिंग इन रिसर्च एंड स्टडीज विषय पर 25 अप्रैल से 29अप्रैल तक फैकल्टीडेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टरपवन सिंह ने बताया कि मीडिया विभाग द्वारा आयोजित इस पहले फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयोंएवम महाविद्यालयों से 100 से अधिक प्राध्यापक और शोधार्थी प्रतिभागिता करेंगे और अध्यापन एवम शोध की नयी विधाओं पर विमर्श करेंगे। पहले दिन स्वागत सत्र में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजबीर सिंह, मुख्यअतिथि तथा राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षणसंस्थान(एनपीटीआई) की महा निदेशक डॉ. तृप्ता ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षताविश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर करेंगे। शनिवार को समापन सत्र में विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी के कुलपति राजनेहरू मुख्यअतिथि तथा जीम्स वसंतकुंज के निदेशक डॉ. रवि धरविशिष्ट अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रो. नरेश चौहान, डायरेक्टर, रिसर्च एंड डेवलपमेंट तथा फैकल्टी ऑफ लिबरल आर्ट्सएंड मीडिया स्टडीज, जे. सी. बोस विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, के डीन प्रो. अतुल मिश्रा के दिशा निर्देशन में किया जा रहा है।

**इन विषयों पर रहेगा फोकस :** साइंटिफिक राइटिंग- प्रोजेक्ट एंड आर्टिकल्स, इफेक्टिव टीचिंग लर्निंग, लीडरशिप एंड प्रोफेशनल डेवलपमेंट, रिसर्च सपोर्ट टूल फॉरऐकडेमिक रिसर्च, प्रोडक्टिविटी एनहांसमेंट, टीचिंग इन डिजिटल ऐज, एनईपी 2020: ट्रांसफॉर्मिंग हायर एजुकेशन फॉर न्यू इंडिया, इम्पोर्टेंस ऑफ बिल्डिंग स्टार्टअप इक्युबेशन सिस्टम इन ऐडमिक्स।

**NEWS CLIPPING:25.04.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## शोध सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए यूनिवर्सिटी को मिली ग्रांट



केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह से अनुदान प्राप्त करते कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी को अलग-अलग विषय पर शोध संबंधित सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार की योजनाओं के तहत सोमवार को केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र ने सात करोड़ रुपये का अनुदान दिया। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर सुशील कुमार ने नई दिल्ली स्थित डॉ. आम्बेडकर इंटरनैशनल सेंटर में यह अनुदान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि जेसी यूनिवर्सिटी देश की उन 12 यूनिवर्सिटी में शामिल है, जिसे यह अनुदान दिया गया है। कुलपति प्रफेसर सुशील कुमार तोमर ने अनुदान के लिए प्रयास करने वाली टीम के समन्वयक डॉ. रवि कुमार, सह-समन्वयक डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. सूरज गोयल, डॉ. सोमवीर, डॉ. दीपांश शर्मा, डॉ. श्रुति मित्तल व डॉ. पारुल गुप्ता को इसके लिए बधाई दी।

**NEWS CLIPPING:25.04.2023**

# PUNJAB KESARI

## जे.सी. बोस वि.वि. को मिला अनुदान

फरीदाबाद, 24 अप्रैल (ब्यूरो): केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय अनुसंधान एवं वैज्ञानिक उत्कृष्टता संवर्धन (पर्स) योजना के अंतर्गत 7 करोड़ रुपये का शोध अनुदान प्रदान किया।

**NEWS CLIPPING:25.04.2023**

# PIONEER

## मीडिया विभाग ने किया फेकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय के तत्वावधान में 'स्किल रि-इंजीनियरिंग इन रिसर्च एंड स्टडीज' विषय पर 25 अप्रैल से 29 अप्रैल तक फैकल्टीडेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर पवन सिंह ने बताया कि मीडिया विभाग द्वारा आयोजित इस पहले फेकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम में देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवमं महाविद्यालयों से 100 से अधिक प्राध्यापक और शोधार्थी प्रतिभागिता करेंगे और अध्यापन एवम शोध की नयी विधाओं पर विमर्श करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रो. नरेश चौहान, डायरेक्टर, रिसर्च एंड डवलपमेंट तथा फेकल्टी ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज, जेसी बोस विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के डीन प्रो. अतुल मिश्रा के दिशा निर्देशन में किया जा रहा है।